दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 10 जनवरी 2022

छत्तीसगढ़ में आज 53 हजार 157 सैम्पलों की हुई जांच

प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 7.75 प्रतिशत

- आज 10 जनवरी की स्थिति में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 7.75 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 53 हजार 157 सैंपलों की जांच में से 4120 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक की 65 प्रतिशत आबादी को दोनों टीके लगे, 98 प्रतिशत को पहला टीका

रायपुर. 10 जनवरी 2022. प्रदेश में कोरोना से बचाव के लिए 18 वर्ष से अधिक की 65 प्रतिशत आबादी को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। वहीं इस आयु वर्ग के 98 प्रतिशत लोगों को पहला टीका लग चुका है। प्रदेश में 15 से 18 वर्ष के किशोरों का भी टीकाकरण तेजी से किया जा रहा है। अब तक (9 जनवरी तक) इस आयु वर्ग के 46 प्रतिशत किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगाया जा चुका है। मुंगेली, धमतरी, राजनांदगांव, बेमेतरा, महासमुंद, बालोद, कांकेर, दुर्ग और गरियाबंद जिले में इस आयु वर्ग के लिए निर्धारित लक्ष्य के आधे से ज्यादा किशोरों ने कोरोना से बचाव के लिए पहला टीका लगवा लिया है।

प्रदेश में पहली और दूसरी, दोनों खुराकों को मिलाकर अब तक कुल तीन करोड़ 26 लाख 91 हजार 036 टीके लगाए गए हैं। राज्य में 18 वर्ष से अधिक के एक

करोड़ 92 लाख 29 हजार 213 लोगों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका और एक करोड़ 27 लाख 11 हजार 629 को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। वहीं 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के टीकाकरण की शुरूआत के बाद से 3 जनवरी से 9 जनवरी तक सात लाख 50 हजार 194 किशोरों का टीकाकरण किया गया है।

अभी रोजाना औसत 38845 सैंपलों की जांच हो रही, दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में यह 20256 थी

स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने कोरोना पर नियंत्रण के लिए अधिक से अधिक सैंपलों की जांच के दिए हैं निर्देश

रायपुर. 10 जनवरी 2022. प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए जांच की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। बीते सप्ताह 3 जनवरी से 9 जनवरी के बीच दो लाख 71 हजार 912 सैंपलों की जांच की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए विभाग को प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा संख्या में सैंपलों की जांच के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी जिलों में रोजाना जांच की संख्या बढ़ाई गई है। प्रदेश भर में अभी रोज औसत 38 हजार 845 सैंपलों की जांच की जा रही है, जबकि पिछले महीने दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में 25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर के बीच यह औसत 20 हजार 256 थी। अभी करीब दुगुनी संख्या में सैंपलों की जांच हो रही है।

प्रदेश भर में बीते सप्ताह 3 जनवरी को 27 हजार 646, 4 जनवरी को 37 हजार 705, 5 जनवरी को 37 हजार 393, 6 जनवरी को 48 हजार 829, 7 जनवरी को 44 हजार 773, 8 जनवरी को 46 हजार 495 और 9 जनवरी को 31 हजार 071 सैंपलों की जांच की गई है।

कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

1	पॉजिटिव प्रकरण	आज	4120
		कुल	1027433
2	अस्पताल से डिस्चार्ज	आज	136
		कुल*	171533
3	होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज	आज	222
		कुल*	823059
4	कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन)	आज	358
		कुल	994592
5	वर्तमान में कुल सक्रिय	19222	
6	आज हुई मृत्यु कुल – 04	कोविड–19	02
		को–मॉर्बिडिटी के साथ	02

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 53157

छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 10-01-2022

क्र.	जिला	POSITIVE		DISCHARGE (HOSPITAL)		HOME ISOLATION COMPLETED		TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION)	TOTAL ACTIVE CASES	DEATHS	
		TODAY	TOTAL	TODAY	TOTAL	TODAY	TOTAL			TODAY	TOTAL
1	दुर्ग	479	99259	47	14833	0	80519	95352	2101		1806
2	राजनांदगांव	237	56780	0	12780	6	42832	55612	652		516
3	बालोद	38	27414	0	9315	0	17592	26907	111		396
4	बेमेतरा	10	20018	0	3370	0	16367	19737	44		237
5	कबीरधाम	9	22860	1	2392	2	20126	22518	75		267
6	रायपुर	1185	164327	31	31053	50	124220	155273	5904	3	3150
7	धमतरी	20	27439	2	2791	0	23949	26740	153		546
8	बलौदाबाजार	49	43295	2	9092	1	33558	42650	174		471
9	महासमुंद	33	31491	5	4103	0	26933	31036	89		366
10	गरियाबंद	15	19754	0	3615	4	15911	19526	34		194
11	बिलासपुर	459	68329	10	7490	79	57214	64704	2407	1	1218
12	रायगढ़	342	65111	15	12926	35	49068	61994	2137		980
13	कोरबा	426	56636	3	5090	18	49300	54390	1662		584
14	जांजगीर-चांपा	207	58710	4	8175	7	48720	56895	974		841
15	मुंगेली	15	24059	0	1016	0	22756	23772	120		167
16	गौरेला-पेंड्रा-मरवाही	18	12104	0	947	8	10939	11886	72		146
17	सरगुजा	79	34081	1	4219	0	29228	33447	389		245
18	कोरिया	67	27337	1	1814	0	25000	26814	346		177
19	सूरजपुर	40	29262	0	2137	9	26716	28853	185		224
20	बलरामपुर	21	20428	0	1538	0	18659	20197	113		118
21	जशपुर	162	28038	10	5067	0	21889	26956	870		212
22	बस्तर	54	21214	2	5716	0	15209	20925	100		189
23	कोंडागांव	12	13177	0	1858	0	11188	13046	32		99
24	दंतेवाड़ा	29	10967	0	4500	0	6370	10870	71		26
25	सुकमा	28	8239	0	4454	1	3598	8052	167		20
26	कांकेर	38	23771	0	3660	2	19783	23443	104		224
27	नारायणपुर	11	4033	0	3241	0	764	4005	14		14
28	बीजापुर	37	8448	0	3636	0	4651	8287	106		55
0	अन्य राज्य		852	2	705	0	0	705	16		131
महायोग		4120	1027433	136	171533	222	823059	994592	19222	4	13619

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

